तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 मई 2024


12 गोंदली जलाशय हुआ खाली, बरसों पुराना शीतला मंदिर देख ...

10 सेजबहार हाल का मॉडल बनाकर कर्मियों ...




## खबर संक्षेप

### अब सुरेंद्र की आंखों से दो दृष्टिहीनों के जीवन में आएगा उजियारा



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम अछोली निवासी सुरेन्द्र कुमार चौरड़िया 54 वर्ष के मरणोपरांत उनके पारिवारिक जनों की सहमति से नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से नेत्रदान किया गया। धर्मनिष्ठ व समाज के लिये सदा समर्पण भाव रखने वाले चौरड़िया परिवार द्वारा सुरेन्द्र कुमार चौरड़िया के नेत्रों के दान से दो दृष्टिहीनों के अंधेरे जीवन को रोशनी मिलेगी। इसके साथ ही इस पुनीत कार्य से समाज को परोपकारी कार्य के अनुशरण की प्रेरणा मिलेगी। इस पावन कार्य के लिये नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग भिलाई ने चौरड़िया परिवार का आभार जताया है। नवदृष्टि फाउंडेशन के प्रयास से यह 118 वाँ नेत्रदान है। विदित हो कि सुरेंद्र चौरड़िया का बीती रात को निधन हो गया था।

### तहसील राजमानस संघ गुरूर की बैठक 8 जून को

**गुरूर।** तहसील राजमानस संघ गुरूर द्वारा 8 जून को 11 बजे रचना साहित्य सदन कोलिहामार गुरूर में बैठक रखी गई है। बैठक में 16 जून को धमतरी में होने वाले राजमानस संघ के वार्षिक सम्मेलन के बारे में चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही शक्ति केन्द्रों को पुनर्गठन, एक्टिव करने पर विचार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में तहसील के पदाधिकारी के साथ राजमानस संघ धमतरी के पदाधिकारी व तहसील के मानस मंडली के सदस्य शामिल होंगे।

### ठेठवार यादव समाज बालोद राज की बैठक 26 को

**बालोद।** ठेठवार यादव समाज बालोद राज की बैठक 26 मई को दोपहर 11 बजे से ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में रखी गई है। महासचिव पवन यादव ने बताया कि बालोद राज के अध्यक्ष नरेंद्र यादव की सहमति से आयोजित इस बैठक में सामाजिक उत्थान पर नए सुझावों पर चर्चा तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु विचार विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव एवं कार्यालय सचिव जयप्रकाश यादव ने दी।

### एयरोड्रम के पास आगजनी मशक्कत के बाद काबू

**भिलाई।** पचास एकड में फैले सुखे घास में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी के अंतर्गत आने वाले नंदिनी स्थित एयरोड्रम में करीब पचास एकड़ में फैले क्षेत्र की सूखी घास और पैरावट में आग लग गई। मौके पर दमकल की तीन वाहन की मदद से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### बकरी चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बकरा चोरी मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और ऋचा मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र ग्रांम गुजरा पाटन, पीपरछेड़ी पुलगांव, बोरी, खिसोराकला धमधा, बानबरद नंदनी में पशुधन बकरा, बकरियों की चोरी की शिकायते लगातार मिल रही थी। जिसे लेकर पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों के खोजबीन में एसीसीयू, पाटन, पुलगांव, बोरी, धमधा पुलिस जुटी रही। टीम ने सीसी कैमरा का फूटेज को चेक किया गया। तकनीकी आधार पर पुलिस ने रुआबांचा निवासी राजा अहमद और उसका भाई जावेद अहमद अपने खुर्सीपार निवासी एक मित्र के साथ पाटन क्षेत्र में बकरा चोरी की घटना को अंजाम देने की जानकारी मिली। पुलिस ने तुरंत आरोपियों को घेराबंदी कर रूआबांधा से राजा अहमद गिरफ्तार किया।

## मौसम : जिले के ग्राम अंगारी में तीसरे दिन भी रहा आंधी-बारिश का असर

**मंगलवार रात आई आंधी से गांव में 16 खंभे गिरे, रास्ते पर भी कई क्षतिग्रस्त**

# 48 घंटे बाद भी बहाल नहीं हो पाई बिजली आपूर्ति, अंधेरे में गुजारनी होगी दो और रात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार देर रात जिले में तूफान ने तबाही मचाई। उसका असर गुरुवार को भी रहा। कई गांवों में 48 घंटे बाद भी बिजली बहाल नहीं हो पाई है, क्योंकि आंधी तूफान में बिजली के कई खंभे टूट गए हैं, जिन्हें बदलकर विद्युत विभाग लगातार सुधारने में लगा हुआ है।

■ विद्युत व्यवस्था सुधारने में लगा विभाग

आंधी-बारिश से सबसे ज्यादा ग्राम अंगारी प्रभावित हुआ है। आंधी ने यहां ग्रामीणों को संकट में डाल दिया है। यहां मंगलवार की रात से लेकर आज तक लोग अंधेरे में ही दिन रात बिता रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अभी 2 से 3 दिनों का और समय लग सकता है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को रात करीब 8 बजे से देर रात 3 से 4 बने तक बारिश और आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाई है। ग्राम अंगारी में बिजली के 16 खंभे गिर गए हैं, वहीं मार्ग पर भी दर्जनों खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके कारण बीते तीन दिनों से यहां का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## आंधी से कई जगह पेड़ धराशाई




**लाटाबोड़।** इन दिनों मौसम का बदला मिजाज लोगों की परेशानियों का कारण बन रहा है। मंगलवार रात आई आंधी और बारिश में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। इससे बुधवार सुबह कई जगह आवागमन प्रभावित हुआ। मंगलवार रात करीब 10 बजे से आसमान में बादलों की गरज के साथ आंधी और बारिश शुरू हो गई, जो कुछ जगहों में सुबह तक जारी रही। इस दौरान बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खपरी (लाटाबोड़) के बाजार चौक स्थित लगभग 300 साल पुराना पीपल का पेड़ धराशाई हो गया। इसकी चपेट में आने से पास ही स्थित एक ग्रामीण के मकान की दीवार को नुकसान पहुंचा है। वही, लगभग 20 साल पुराना बरगद का एक पेड़ गिरकर उपस्वास्थ केंद्र की छत पर टिक गया। उधर, लाटाबोड़ से बालोद मुख्य मार्ग पर दर्जनों पेड़ गिर गए। साथ ही कई बिजली के खंभे एवं तार टूट गए। उधर ग्राम खपरी से लगे लाटाबोड़ मार्ग पर बबूल का पेड़ गिरने की वजह से आवागमन दो तीन घंटे के लिए प्रभावित रहा। ग्रामीण आनंद साहू, फिरंता राम जांगड़े, सरपंच कुलेश्वर शार्वा ने बताया कि ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से पेड़ को रास्ते से हटाया, तब जाकर यातायात बहाल हो सका।

### ग्रामीणों पर टूटा समस्याओं का पहाड़

ग्राम में बिजली बंद होने के कारण अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। वहीं, लोगों को भरी गर्मी में भी बिना पंखा-कूलर के रहना पड़ रहा है। लेकिन, सबसे बड़ी समस्या पानी की हो गई है। ग्रामीण हैंडपंप तथा सोलर पंप के माध्यम से पानी की व्यवस्था करने का प्रयास कर हैं। यही नहीं, कुछ ग्रामीण आसपास के गांवों से भी पानी लाकर प्यास बुझाने और खाना बनाने में इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि ग्रामीण तालाब का पानी नहाने के लिए उपयोग कर लेते हैं ऐसे में नहाने या अन्य निस्तारी के लिए उन्हें समस्या कम हीं हुई, लेकिन पीने और खाना बनाने के लिए पानी की कमी से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण बिजली बंद होने से उमस भरी गर्मी, मच्छर के प्रकोप सहित कई अन्य दिक्कतों का भी सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है।

## बिजली कटौती ने करहीभदर के ग्रामीणों की समस्या बढ़ाई



**बालोद।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम करहीभदर सब स्टेशन पावर कट कर लोगों को परेशान करने के लिए अलग पहचान बना रहा है। इस स्टेशन से जुड़े ग्रामों जामगांव, कन्नेवाड़ा, मुजगहन, चिरईगोड़ी, सोरर क्षेत्रों में पावर कट की समस्या कुछ ज्यादा है।

इसके कारण आम नागरिक बहुत से ज्यादा परेशान हैं। ग्रामीणों की शिकायत है कि सुबह और शाम को लगभग 1 घंटे से ज्यादा पावर कट कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पावर कट करने के पूर्व कोई सूचना भी नहीं दी जाती है, जिससे ग्रामीणों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, सुबह-शाम विद्युत सप्लाई प्रभावित होने से लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विद्युत बंद होने की सूचना विभाग को देने के बाद भी के विभाग के कर्मचारी समस्या का समाधान करने समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। इसके कारण ग्रामीणों को घंटों अंधेरे में रहना पड़ता है।

## किनारगोंदी में मिला नीलगाय का शव पानी की कमी से मौत का अनुमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर वन परिक्षेत्र के जंगल में एक नील गाय की लाश मिलने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर नील गाय के मुँह से खून निकला हुआ था, उसके कान भी कटे थे। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि जानवरों ने नोच खाया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुर वन परिक्षेत्र के ग्राम किनारगोंदी जंगल में गाँव से महज कुछ ही दूरी पर सुबह रोजगार गारंटी जा रहे लोगों को नर नील गाय का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी।

उसके बाद मौके पर पहुँची वन विभाग की टीम जाँच में जुटी गई। बाद में मृत नील गाय का पोस्टमार्टम कर अग्नि दाह किया गया। मृत नील गाय को देख आशंका व्यक्त की जा रही है कि लू लगने और पानी की कमी के कारण मौत हुई है। लेकिन, पोस्टमार्टम जाँच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के मुख्य कारण का पता लग पायेगा।

■ ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने किया अंतिम संस्कार

डिप्टी रेंजर नारद साहू ने बताया कि नील गाय नर था, जिसकी उम्र लगभग 4 वर्ष रही होगी। वहीं, डॉक्टर ने पानी की कमी के कारण मौत होने का अनुमान लगाया है। साथ ही कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारण का पता चल पाएगा।

**गांव में हाथी घुसने से दहशत में रहे ग्रामीण, छतों पर गुजारी रात**

# ग्राम कांडे पहुंचा दंतैल हाथी, बाड़ी में केले की फसल को पहुंचाया नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में तीन दिनों पूर्व बीते सोमवार सुबह सीमावर्ती जिला धमतरी से बालोद जिला में दंतैल हाथी एमई 3 पहुंच चुका है। जिले में पहुंचने के बाद से हाथी जंगल में आराम कर रहा था।

लेकिन मंगलवार की रात अचानक जंगल से निकलकर ग्राम कांडे स्थित घर से लगी केला बाड़ी में पहुँच कर केले के पौधों को नुकसान पहुँचाया। इसकी आवाज घर वालों को सुनाई दी। उसके बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल वन विभाग को सूचित किया गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके पहुँचकर हाथी को सुरक्षित बाहर निकाला। उसके बाद हाथी खेत मार्ग से ग्राम नर्रा और नारागाँव की ओर आगे बढ़ने लगा और वन विभाग द्वारा निगरानी बरती गई। हालांकि हाथी को सुरक्षित बाड़ी से बाहर निकालने के बाद उसे खदेड़ दिया गया, लेकिन ग्रामीणों में हाथी के जाने के बाद भी दहशत कम नहीं हुई और ग्रामीण छत पर चढ़कर रात्रि में विश्राम करते रहे। वहीं, वन विभाग की टीम नर्रा और नारागाँव में मुस्तैद थे। वन विभाग की टीम द्वारा राहगीरों को आवागमन करने से रोकने का प्रयास किया जा रहा था।

■ ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथी को गांव से निकाला

### रास्ते में बंद हुआ आटो, वन विभाग ने अपने वाहन से पहुंचाया घर

इस दरमियान ग्राम बड़भूम से वापस अपने गाँव कांडे जा रहे ग्रामीणों की ऑटो की चार्जिंग खत्म हो गई, जिसके बाद ग्रामीण महिलाएं पैदल घर जाने के लिए निकले, जिन्हें हाथी का डर सताने लगा था। वन विभाग की टीम ने उन्हें अपने वाहन से सुरक्षित उनके घरों तक पहुँचाया गया। हालांकि पूरी रात दंतैल हाथी का दोबारा कुछ पता नहीं चल पाया, लेकिन बालोद वन विभाग एसडीओ के साथ बालोद वन परिक्षेत्र और गुरुर वन परिक्षेत्र की टीम आम नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से सड़कों पर पेट्रोलिंग में तैनात थे। ग्राम कांडे से हाथी निकलकर कीर्तन दास मानिकपुरी के खेत को पार कर जंगल की ओर जा निकला और जंगल में जाकर हाथी छुप गया है, जिसे वन विभाग द्वारा ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है।

### इन गांवों में अलर्ट

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाथी कक्ष क्रमांक 247 में विचरण कर रहा है। इसे देखते हुए ग्राम बरहीपारा, बरही, कांडे, नारागांव, किनारगोंदी, नर्रा, मुल्लेगुड़ा, रानी माई मंदिर, मंगचूवा, नगझर, कोसमी, नाहन्दा को अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं, लोगों को हाथी विचरण क्षेत्र में रात्रि के दरमियान आवागमन नहीं करने की अपील भी की जा रही है।

## प्रकाश देशमुख के मार्गदर्शन में क्षेत्र के बच्चे ले रहे प्रशिक्षण

# अर्जुंदा में तैयार हो रहे वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा



नगर पंचायत अर्जुंदा में वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। शिविर में बच्चे वेटलिफ्टिंग का निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। शिविर का जायजा लेने और बच्चों से मिलने नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से बातचीत कर ट्रेनिंग के बारे में जानकारी ली।

कोच प्रकाश देशमुख ने बताया कि बच्चों को यहां पिछले साल से लगातार प्रतिदिन ट्रेंनिंग दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी नए बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कैंप लगाया गया है।

श्री देशमुख ने कहा कि ग्रामीण स्तर के बच्चों को खेल में बहुत कम अपॉर्चुनिटी मिल पाती है और बड़े शहरों और जिलों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन, उनका यह सपना था कि उनके ग्रामीण स्तर के बच्चों को भी सुविधा प्राप्त हो सके, जिससे वे भी आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि 26 मई को अस्मिता खेलो इंडिया के लिए स्टेट टीम का चयन होने वाला है। उक्त चयन स्पर्धा में अर्जुंदा के 11 बच्चे भी भाग लेंगे।

### हेमा ने पिछले वर्ष राष्ट्रीय शालेय खेल में जीता था सिल्वर

कोच प्रकाश देशमुख ने बताया कि वह पिछले 5 साल से बच्चों को वेटलिफ्टिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं। यहां की छात्र हेमा मंडावी ने पिछले गत वर्ष में स्कूल नेशनल में सिल्वर मेडल प्राप्त किया था।बच्चे खेल में अपना अच्छा भविष्य बना सकते हैं। वर्तमान में राजनंदगांव की ज्ञानेश्वरी यादव जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीता और आज इसी खेल के कारण वह 21 साल की उम्र में ही एएसआई के पद पर पदस्थ हैं।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में
**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप




### कलेक्टर ने की कृषि सहित अन्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

**रायपुर** । कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बुधवार को कलेक्टर सभाकक्ष में कृषि, मछलीपालन और उद्यानिकी विभाग के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग से संबंधित खरीफ बीज के साथ खाद, यूरिया, डीएपी का भंडारण तेजी करने के साथ इसका वितरण भी किसानों को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने कीटनाशक, उर्वरक में गुणवत्ता लाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने मछलीपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जाएं। उन्होंने उद्यानिकी फसलों का भी बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा नेता का व्यापारियों को टैक्स चोर कहना निंदनीय

**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा नेता द्वारा व्यापारियों को टैक्स चोर कहना निंदनीय है। ये वही व्यापारी हैं, जिनके द्वारा दिये गए टैक्स से राज्य का खजाना भरता है और विकास कार्य होता है। व्यापारी वर्ग अनियमित जीएसटी पर केंद्र सरकार से कई बार गुहार लगा चुका है। कई सुझाव दिए, लेकिन



उस पर केंद्र सरकार ने अमल नहीं किया। आज जो जीएसटी का छापा व्यापारियों के यहां पड़ रहा है, यह सिर्फ भाजपा की वसूली के लिए पड़ रहा है। उन्होंने कहा, जीएसटी लागू की गई, तब कांग्रेस ने इसके कई स्लैब और कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए थे। पूरे देश में व्यापारी वर्ग भी इसके खिलाफ रहा है। जीएसटी पर अब तक 3000 से अधिक सुधार के बावजूद समस्या निरंतर बनी हुई है। भाजपा नेता इसे लेकर केंद्र सरकार की नाकामी को ढकने सीधा-सीधा व्यापारी को ही टैक्स चोर कह रहे हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद व्यापारी, बिल्डर, उद्योगपतियों पर दबाव डालकर वसूली की जा रही है। भाजपा नेताओं द्वारा व्यापारी, बिल्डर, उद्योगपतियों को धमकाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कांग्रेस ने व्यापारियों की इस समस्या को समझते हुए केंद्र में सरकार बनने पर जीएसटी का सरलीकरण और सुविधाजनक बनाने का वादा किया है।

### नगरीय निकायों से अब ट्रेड लाइसेंस मिलेगा ऑनलाइन

State Urban Development Agency Chhattisgarh

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ में अब व्यापार अनुप्ति (ट्रेड लाइसेंस) ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मिलेगा। इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं को नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश जारी किया है। बताया गया है कि यह बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान 2024 के तहत किया जा रहा है। इस मामले को लेकर सूडा ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के प्रमुखों से कहा है कि निकायों द्वारा प्रदान की जाने वाली व्यापार अनुज्ञप्ति के लिए निर्धारित शुल्क की जानकारी एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में जारी व्यापार अनुज्ञप्ति की जानकारी दें। निकायों से पूछा गया है कि वर्तमान में उनके द्वारा व्यापार अनुज्ञप्ति जारी की जा रही है या नहीं। 1 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 2024 तक कितनी व्यापार अनुज्ञप्ति ऑफलाइन और ऑनलाइन जारी की गई है। दोनों तरह से व्यापार अनुज्ञप्ति जारी करने पर कितना शुल्क मिला है। यह जानकारी तीन दिनों के भीतर देने कहा गया है।

# वित्त मंत्री चौधरी ने कहा- आम जनता को सुविधा देने रजिस्ट्री प्रक्रिया में सुधार के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बदलाव और सरलीकरण को लेकर कहा, पूरी रजिस्ट्री की प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है। आम जनता को टेक्नालॉजी से आसानी से सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

जीएसटी चोरी पर उन्होंने कहा, जो भी सरकारी सप्लाई है, जिस भी क्षेत्र में हम ईमानदार टैक्सपेयर को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं, सभी से उम्मीद है कि टैक्स दें, जिससे प्रदेश का विकास होगा। संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, व्यवस्था में जो कुछ गड़बड़ियां हैं, जिस कारण से लोगों को गड़बड़ी करने का मौका मिलता है, उन पर सुधार की दिशा में भी बड़े स्तर पर परियोजना बनाई जा रही है। उससे निश्चित रूप से लोगों को लाभ होगा। टेक्नालॉजी का प्रयोग करते हुए प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाएगी, जिससे सुविधाओं में वृद्धि होगी।

### चुनाव में मोदी के नाम की सुनामी

भाजपा प्रवेश अभियान पर उन्होंने कहा, प्रदेश में तीन बार छत्तीसगढ़ का जनादेश मिला है। लोकसभा में भी रिकॉर्ड सीटें मिली हैं। पीएम मोदी के नाम की सुनामी इस चुनाव में देखने मिल रही है। सभी भाजपा को आशीर्वाद देने जरूर आएंगे।

### बैज के सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं

भाजपा में शामिल हुए पूर्व कांग्रेस नेताओं को पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के डिस्पोजल कहने पर मंत्री ओपी चौधरी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, बीजेपी का परिवार जिस तरह से बढ़ा है, पूरे देश ही नहीं पूरी दुनिया ने देखा है। 18 करोड़ से अधिक सदस्यों की पार्टी बनकर सबसे बड़ा राजनीतिक दल होने का दर्जा भाजपा को मिला है। बीजेपी अभियान के तहत विदेश के लोग भी भाजपा को समझने आते हैं। कांग्रेस एक डूबती नाव है। अगर उनके अध्यक्ष किसी भी चीज पर टिप्पणी करते हैं, तो उनके सर्टिफिकेट की भाजपा के कार्यकर्ताओं को जरूरत नहीं है।

## तकनीक का प्रयोग कर पारदर्शिता लाई जाएगी

### मोदी नाम की सुनामी को बताया बनावटी

कांग्रेस नेता और अभनपुर के पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने मोदी की सुनामी पर तंज कसते हुए कहा, बीजेपी जानबूझ कर वातावरण बनाती है। जनता जानती है कि भाजपा फर्जीवाड़ा कर नैरेटिव बनाती है। आज भी वातावरण इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, पीएम के स्तरहीन बयान उनकी जीत के प्रति आश्वस्त नहीं हैं। ये दर्शाता है कि चार जून को भाजपा सरकार नहीं बन रही, इसीलिए अपने पक्ष में षड्यंत्र रच कर वातावरण बना रहे हैं।



### बीजेपी के 310 सीटों पर जीत के अनुमान पर कसा तंज

कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू ने बीजेपी द्वारा 310 सीटें जीतने के अमित शाह के अनुमान पर तंज कसते हुए कहा, उनका बयान ही बता रहा कि वे षड्यंत्र करने पर उतर गए हैं। पहले भी देखा है, ईवीएम और मतगणना पर गड़बड़ी की जाती है। एग्जिट पोल्स फेल होते हैं, लेकिन अमित शाह जो बोलते हैं वो हो जाता है। ये 400 का दावा करते हैं, इससे पता चलता है कि ये धांधली कर रहे हैं।

हाईकोर्ट में आपत्ति की सुनवाई के बाद पुराने वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का रास्ता साफ

# आचार संहिता के बाद राज्य में भी पुराने वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद पुराने वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के काम में तेजी आएगी। गौरतलब है कि एचएसआरपी वर्ष 2019 में लागू किया गया है। वर्ष 2019 के पूर्व खरीदे गए वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का आदेश है। इसे लेकर हाईकोर्ट में आपत्ति दर्ज की गई थी। आपत्ति की सुनवाई के बाद वर्ष 2019 के पूर्व में खरीदे गए वाहनों में अनिवार्य रूप से एचएसआरपी लगवाना होगा। वर्तमान में शोरूम से जो गाड़ियां बिक रही हैं, उन सभी वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाई जा रही हैं।

वाहनों की विशेष पहचान के लिए पूरे देश में वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का केंद्रीय मंत्रालय ने निर्णय लिया है। हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट का हर दो वर्ष में नवीनीकरण कराना होगा। पुराने नियमों के मुताबिक वाहनों का लाइफ टाइम टैक्स पटाकर लोगों को मुक्ति मिल जाती थी। हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का उद्देश्य वाहनों की चोरी रोकने के साथ किसी अपराध में वाहनों का इस्तेमाल होने पर वाहन के आधार पर आरोपी की पहचान करना है।




### 70 लाख से ज्यादा वाहनों में एचएसआरपी

वर्तमान में पूरे राज्य में 90 लाख के करीब दोपहिया तथा चारपाहिया वाहन हैं, उनमें से वर्ष 2019 के बाद खरीदे गए 20 लाख के करीब वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगी हैं। इस लिहाज से 70 लाख के करीब वाहनों में एचएसआरपी लगाया जाएगा। परिवहन विभाग के अफसरों के मुताबिक पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाने का टेंडर जारी कर दिया गया है।

### नंबर में छेड़खानी संभव नहीं

पुराने वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं होने की वजह से वाहन मालिक अपने वाहन की नंबर प्लेट में आड़े-तिरछे नंबर लिखवाते हैं, इनमें कई ऐसे होते हैं जो नंबर प्लेट में नंबर लिखवाने की जगह अपना नाम या पदनाम लिखवाते हैं। एचएसआरपी होने के बाद नंबर प्लेट में किसी तरह से छेड़खानी संभव नहीं होगी।

### एचएसआरपी से यह फायदा

- हाई सेक्योरिटी नंबर प्लेट पर आइएनडी लिखा रहता है, साथ ही क्रोमियम प्लेटेड नंबर और इनबॉस होने के कारण इस नंबर प्लेट को रात के वक्त भी वाहनों पर कैमरे के जरिए नजर रखी जाती है।
- पहले अपराधी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ छेड़छाड़ करके भी फायदा उठा लेते थे, लेकिन अब इन नंबर प्लेट या सेक्योरिटी नंबर प्लेट पर ऐसा करना संभव नहीं है।
- इन नंबर प्लेट पर लेजर इन प्रिंटिंग लगा है, जिससे किसी भी वाहन के बारे में कभी भी आसानी से पता लगाया जा सकता है।
- देशभर में हाई सेक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के साथ ही इंजन, चेसिस नंबर सहित तमाम यूनिक जानकारियां भी नेशनल डाटाबेस में हैं, इससे पूरे देश के वाहनों का एक सेंट्रलाइज्ड रिकॉर्ड है।
- इसमें स्नैप लॉक है, जिससे नंबर प्लेट लाक रहता है, यह खुल नहीं सकता। यदि किसी को नंबर प्लेट बदलना है, तो नई नंबर प्लेट लगानी पड़ेगी।

## सेजबहार हाल का मॉडल बनाकर कर्मियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में सेजबहार मतगणना हाल का मॉडल बनाया गया था, जिसमें डाकमत पत्र गणना टेबल, ईवीएम का गणना टेबल एवं वीवीपैट काउंटिंग बूथ में किस तरह से मतों की गणना करना है, इसकी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर अजीत हुंडैत ने कर्मियों को मतगणना में बरती जाने वाली सावधानियों और हर पहलुओं की बारीकियों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण कैंप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतगणना कर्मियों से कहा कि शॉर्ट प्रशिक्षण वीडियो और फ्लो चार्ट के माध्यम से मतगणना के प्रशिक्षण की बारिकियों को समझें तथा सभी कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और बेहतर स्किल के साथ कार्य करें। कलेक्टर ने कर्मियों से कहा कि हर राउंड के बाद राजनैतिक अभिकर्ता के टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लें। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर उज्ज्वल पोरवाल समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

विदित हो कि इससे पहले मतगणना ड्यूटी में लगे आरओ, डिप्टी डीईओ, एआरओ, एएआरओ, ईवीएम प्रभारी, पीबी नोडल, टेबुलेशन प्रभारी, सुरक्षा नोडल, टेक्निकल टीम, मास्टर ट्रेनर, डीआईओ एवं डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायपुर जिले के 7 विधानसभा क्षेत्र के अलावा बलौदाबाजार व भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अधिकारी भी शामिल हुए थे। कर्मियों का प्रशिक्षण कैंप 23 और 24 मई को भी होगा।

## कवर्धा हादसा, कांग्रेस ने किया प्रतिनिधिमंडल का गठन, मृतकों के परिजनों से करेगा मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कवर्धा के कुकदूर में हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से भेंट करने के लिए कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठन की ओर संवेदना व्यक्त किए जाने के लिए विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में नौ-सदस्यीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट करेगा।

सोमवार को बैगा आदिवासी समुदाय के 30 से 35 लोग अपने रोजगार यानी जीवनयापन के लिए तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गए थे। तेंदूपत्ता तोड़कर सभी पिकअप वाहन में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे, इस दौरान पिकअप का ब्रेक फेल होने पर ड्राइवर वाहन से कूद गया। पिकअप बहपानी गांव के पास 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। घटना से मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 9 लोग गंभीर रूप से




घायल हो गए थे। घटना के बाद घायलों को तुरंत कुकदूर सामुदायिक अस्पताल लाया गया, जहां रास्ते में ही पांच लोगों की और मौत हो गई। वहीं बचे चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया, इसमें से एक गंभीर व्यक्ति ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया।

**प्रतिनिधिमंडल में ये शामिल**

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, इंद्रशाह मंडावी, यशोदा वर्मा, हर्षिता स्वामी, ममता चंद्राकर, नीलकंठ चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी और होरी राम साहू शामिल हैं।

## राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम से लाखों लोग चावल से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राशन कार्ड में अपनी फोटो छपवाने के लिए राशन कार्ड का नवीनीकरण करवाया, जिसका खामियाजा गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश में 14 लाख से अधिक राशन कार्ड धारी हैं, जिनके राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ है। जिन राशन कार्डधरियों का नवीनीकरण हुआ है, ऐसे 20 प्रतिशत लोग हैं, जिन्हें राशन कार्ड नहीं मिला है। उन्हें जिसके चलते उचित मूल्य की दुकान से चावल नहीं मिल पा रहा है। जिनके राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हो पाया, ऐसे 56 लाख लोगों को बीते 3 माह से चावल नहीं मिल रहा है।

- कांग्रेस का दावा- 3 माह से गरीबों को भुगतना पड़ रहा खमियाजा

उन्होंने कहा, प्रदेश में कुल 77 लाख राशन कार्ड हैं। बीपीएल और एपीएल कार्ड धारी भी शामिल हैं। कांग्रेस की सरकार में उन्हें हर माह



35 किलो चावल मिलता था और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के चावल का भी अतिरिक्त वितरण किया जाता था। भाजपा की सरकार ने कांग्रेस सरकार के समय मिलने वाले 35 किलो राशन में कटौती करके प्रति व्यक्ति 5 किलो कर दिया और राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम से लाखों लोगों को चावल से वंचित कर दिया। जिनका नवीनीकरण हुआ, उनको भी चावल नहीं मिल रहा है। फिर भाजपा सरकार दावा कर रही कि प्रदेश के हर व्यक्ति को चावल दिया जा रहा है। भाजपा झूठा दावा कर रही है।

## मुख्यमंत्री साय ने किर्गिस्तान में फंसे छत्तीसगढ़ के छात्रों से फोन पर की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हिंसा प्रभावित किर्गिस्तान में फंसे छत्तीसगढ़ के छात्रों से फोन पर बात की है। उन्होंने छात्रों को खुद का ख्याल रखने और जरूरत होने पर छत्तीसगढ़ सरकार से संपर्क करने को कहा है। उहोंने कहा, इस विषम परिस्थिति में छत्तीसगढ़ और भारत सरकार उनके साथ खड़ी है।

श्री साय ने बिलासपुर जिले के मस्तूरी निवासी छात्र विजय और जांजगीर जिले की निवासी छात्रा शिवानी से बात कर उनका हालचाल जाना और खुद का ख्याल रखने को कहा। उन्होंने कहा, भारत सरकार, किर्गिस्तान सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। आप सभी चिंता न करें, छत्तीसगढ़ सरकार हर कदम आपके साथ खड़ी है। छात्रों ने वहां माहौल के तनावपूर्ण होने की जानकारी दी। इस पर सीएम ने उन्हें खुद का ख्याल रखने को कहा। बच्चों ने बताया कि उन्हें हास्टल से निकलने की अनुमति नहीं है, उन्हें भोजन-पानी वहीं उपलब्ध कराया जा रहा है।

साय बोले- चिंता की कोई बात नहीं, भारत सरकार किर्गिस्तान सरकार के सतत संपर्क में है




उन्होंने वापसी के लिए टिकटें बुक करा ली हैं। मुख्यमंत्री ने इस पर कहा, अगर कोई भी परेशानी हो, तो आप सभी छत्तीसगढ़ सरकार से अवश्य संपर्क करें। राज्य सरकार, भारत सरकार के सहयोग से आप सभी के सुरक्षित वतन वापसी को सुनिश्चित करेगी।

### यह है घटना

गौरतलब है कि किर्गिस्तान में मिस्त्र की छात्राओं से छेड़छाड़ की घटना के बाद विवाद शुरू हुआ है। इसे लेकर स्थानीय छात्र हिंसक हो गए और खासकर भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के छात्रों के साथ हिंसा कर रहे हैं। इसके कारण वहां तनाव के हालात हैं। किर्गिस्तान में छत्तीसगढ़ के लगभग 70 विद्यार्थियों सहित भारत के लगभग पंद्रह हजार विद्यार्थी मेडिकल और अन्य विषयों की पढ़ाई कर रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत की जा रही है मल्टीडिसीप्लिनरी व्यवस्था

# जहां सिर्फ आर्ट्स-कॉमर्स वहां ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा साइंस, विज्ञान छात्र पढ़ेंगे कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश के जिन महाविद्यालयों में सिर्फ कला संकाय अथवा वाणिज्य संकाय की ही पढ़ाई हो रही है, वहां विज्ञान की कक्षाएं ऑनलाइन मोड में संचालित की जाएंगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इस तरह की व्यवस्था के प्रावधान किए गए हैं। 15 जून से प्रारंभ होने जा रहे नवीन शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जाएगी। एनईपी के अंतर्गत छात्रों को मल्टीडिसीप्लिनरी अर्थात बहु-विषयक सुविधाएं प्रदान की जानी है। इसके अनुसार, किसी भी संकाय के छात्र अपने संकाय के विषयों के अतिरिक्त अन्य किसी संकाय के एक विषय का चुनाव कर सकेंगे। उदाहरण स्वरूप, कला संकाय का छात्र एक विषय विज्ञान का चुन सकेगा। इस तरह से विज्ञान संकाय का छात्र एक विषय कला का चुन सकेगा। यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि छात्रों को विविध विषयों का ज्ञान हो सके और वे अपनी दिलचस्पी के अनुसार, विषयों का चुनाव कर सकें। इसके लिए महाविद्यालयों में विविध तरह के प्रावधान किए जा रहे हैं। छात्रों को यह विकल्प भी नए सत्र से देने की तैयारी है। शहरी क्षेत्रों में स्थित महाविद्यालयों में लगभग सभी संकाय होते हैं, लेकिन दूरस्थ विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में एक-दो संकाय ही होते हैं। अन्य संकाय नहीं होने के कारण उससे संबंधित प्राध्यापक भी नियुक्त नहीं किए जाते हैं। केवल एक विषय के अध्यापन के लिए प्रत्येक महाविद्यालय में पृथक शिक्षक नियुक्त कर पाना संभव नहीं है, इसलिए अब ऑनलाइन विकल्प पर विचार किया जा रहा है। अर्थात जिन महाविद्यालयों में केवल कला संकाय होगा, वहां विज्ञान की पढ़ाई ऑनलाइन होगी। यह कक्षा दूसरे महाविद्यालय के प्राध्यापक ऑनलाइन लेंगे।

### नहीं हैं महाविद्यालयों में शिक्षक

प्रदेश में थोक में ऐसे महाविद्यालय हैं, जहां प्राध्यापकों के पद रिक्त हैं। इन पदों पर भर्ती लंबे समय से नहीं हो सकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर आधार पर वर्ष में दो बार परीक्षाएं ली जाएंगी। इससे परीक्षा संबंधित कार्यों में वृद्धि होगी। आउटर के कई कॉलेजों में गिनती के ही प्रोफेसर्स हैं। ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर महाविद्यालय प्रबंधन और प्राध्यापकों द्वारा चिंता भी जाहिर की जा रही है। कई कॉलेजों की मांग है कि पहले प्राध्यापकों के रिक्त पद भरे जाएं, उसके बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो।

## बड़े मूल्य की रजिस्ट्री की जांच व परीक्षण करेगा सतर्कता प्रकोष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन एवं मुद्रांक संबंधित प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी द्वारा त्रुटिपूर्ण निर्धारण होने पर उसकी पहचान तथा पुनर्मूल्यांकन की कोई सार्थक व्यवस्था नहीं थी। विभाग के राजस्व योगदान को बढ़ाने तथा किसी भी संभावित राजस्व अपवंचन को रोकने के लिए विभागीय मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक कार्यालय में एक सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। सतर्कता प्रकोष्ठ बड़े मूल्य की रजिस्ट्री की जांच एवं परीक्षण कर उसमें किसी भी संभावित कर अपवंचन का पता लगाएगा। विजिलेंस प्रकोष्ठ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों, कारखानों के अधिग्रहण, समामेलन तथा स्वामित्व अंतरण के प्रकरणों में निर्धारित बाजार मूल्य एवं स्टांप शुल्क की जांच सतत रूप से की जाएगी। उप पंजीयक कार्यालय में 5 करोड़ से अधिक कीमत की रजिस्ट्री की संवीक्षा भी सतर्कता प्रकोष्ठ करेगा। सतर्कता प्रकोष्ठ अपने कार्यों के निष्पादन के लिए दूसरे विभागों से सहायता प्राप्त कर सकेगा, मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण भी कर सकेगा।

### डेटा विश्लेषण टीम बनेगी

अत्याधुनिक तकनीक से डाटा एनालिसिस द्वारा सतर्कता प्रकोष्ठ को इनपुट उपलब्ध कराने एक विशेष डेटा विश्लेषण टीम की स्थापना सतर्कता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सिकोसा स्कूल के बच्चे समर कैंप में सीख रहे विविध गतिविधियां

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय प्राथमिक शाला सिकोसा में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में प्रतिदिन योगाभ्यास, अपने गांव के बारे में जानकारियां, निबंध, कहानियां लेखन, हस्तलिपि, खेलकूद, चित्रकला, गीत, कविता, अभिव्यक्ति कौशल करवाया जा रहा है। शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा प्रतिदिवस बच्चे उपस्थित हो रहे हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बालवाड़ी शिक्षकों को दी जानकारी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित नवीन सरस्वती स्कूल में तीन दिवसीय 20 से 22 मई तक धरसीवां विकासखंड स्तरीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को केंद्र में रखते हुए आंगनबाड़ी में दर्ज 5-6 आयु वर्ग के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए बालवाड़ी में तैयार करने पर आधारित था। इस मौके पर मास्ट ट्रेनर बरखा शर्मा एवं सावित्री साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बालवाड़ी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न गतिविधियों एवं कठपुतली कला द्वारा मनोरंजक तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम प्रभारी विकास खंड स्त्रोत समन्वयक धरसीवां शहरी शिरीष तीवारी एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक धरसीवां ग्रामीण मुरारी वर्मा द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन पर प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की।

### राहगीरों को बांटा छाछ और शर्बत

**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति द्वारा तेज धूप से राहत पहुंचाने गत दिनों राहगीरों को छाछ सहित ऑर्गेनिक शर्बत का वितरण किया गया। रायपुर चैप्टर महिला समिति ने राहगीरों को शर्बत पिलाकर नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश दिया। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस कार्यक्रम में त्रिवेणी अग्रवाल, कांता सिंघानिया, सरिता रेखानी, शैल, राजश्री, गौरी, कल्पना, रितु खंडेलवाल, शुभांगी, पूजा छाबरा, मधु सिंघी, धर्मशिला, बॉबी जैन मौजूद रहीं, जिन्होंने सेवा देकर निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की रणनीति भी बनाई।

## कार्रवाई : सफर के लिए कई लोग निजी वाहनों की भी करा रहे बुकिंग

# मालवाहकों में सवारी पर सख्ती से बढ़ी यात्री गाड़ियों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां पिकअप वाहन से लेकर अन्य मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने के दौरान लापरवाही बरतने से सड़क हादसे की खबर लगातार सामने आ रही है। ऐसे ही मालवाहक वाहनों को सवारी गाड़ी नहीं बनाने की लगातार अपील की जा रही है, जिससे अब लोग जागरूक हो रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर चार पहिया वाहन बंद गाड़ियों के मालिक इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं और गाड़ियों की बुकिंग का दाम लगातार बढ़ा रहे हैं। इसका एक कारण यह भी है कि गाड़ियों की मांग बढ़ गई, जिससे बुकिंग का दाम भी बढ़ गया।



शादी सीजन में मुहूर्त की कमी के बावजूद भीषण गर्मी के कारण इन दिनों चार पहिया वाहनों के लिए अच्छी बुकिंग आ रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही एसी गाड़ियों की डिमांड भी बढ़ी है। लोग अपनी सुविधा अनुसार गाड़ी बुकिंग कर रहे हैं। पहले की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा बुकिंग होने से वाहन चालकों और मालिकों के चेहरों पर रौनक छाई हुई है। बता दें कि इस साल भी शादी सीजन में लगातार बुकिंग मिलती रही। किंतु अक्ती के बाद से मुहूर्त की कमी के कारण वाहन मालिकों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई थी, लेकिन भीषण गर्मी में लोगों को आवाजाही के लिए बसों में सफर करने की बजाय निजी वाहन से आना जाना अधिक बेहतर महसूस कर रहे हैं। इसी वजह से लोग पेट्रोल डीजल की बढ़ोतरी और गाड़ी किराया के दाम में वृद्धि होने के बावजूद लोग गाड़ी बुकिंग कर सफर कर रहे हैं।

### 15 से 20 रूपए प्रति किलोमीटर रेट

जानकारी के अनुसार बिना ऐसी की गाड़ी की बुकिंग 15 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से ली जा रही है, जबकि गर्मी को देखते हुए लोग एयरकंडीशनर (ऐसी) की सुविधा चाहते हैं तो उनके लिए 20 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से शुल्क लिया जा रहा है। वाहन चालकों ने बताया कि लोगों के पास निजी वाहन आ जाने से वाहनों की बुकिंग प्रभावित भी हुई है। वहीं, सिंगल वाहन रखने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ग्राहक अनुकूल गाड़ी ना होने से आई बुकिंग भी छिन जाती है। वहीं, 3–4 वाहन रखने वालों को नियमित बुकिंग मिल रहा है। महंगाई के बावजूद सप्ताह में 3 से 4 बुकिंग मिल रही है। कुछ वाहन मालिकों ने बताया कि उनके पास एक ही वाहन उपलब्ध है, जिसका वह स्वयं चालक है। शादी सीजन में गाड़ियों की बुकिंग काफी अच्छी रही। किंतु उससे पहले उन्हें बुकिंग बहुत कम मिल रही थी। कई दिन तो घर से गाड़ी लेकर आते तथा दिन भर ग्राहक के इंतजार में पूरा दिन कट जाता और एक भी ग्राहक नहीं मिलता और मायूस होकर घर लौटना पड़ता। वाहन मालिकों ने कहा कि बरसात के दिनों में बुकिंग अच्छी आने की संभावना है।

## शासकीय विद्यालय बघमरा में लगा रहा समर कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला बघमरा में विगत 20 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन अलग–अलग शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न कला कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभिव्यक्ति कौशल और सामान्य ज्ञान के साथ–साथ फैब्रिक पेंटिंग का प्रशिक्षण शिक्षिका भगवती साहू द्वारा, मेंहदी कला का प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठिका गंजीर द्वारा और ज्योति पटेल द्वारा रंगोली का प्रशिक्षण, शिक्षक पवन कुरैटी और शिक्षिका दीपिका भुआर्य द्वारा चित्रकला का प्रशिक्षण तथा लैझिम–डम्बल का प्रशिक्षण शिक्षिका पूर्णिमा साहू द्वारा दिया जा रहा है। प्रतिदिन अलग–अलग अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

प्रथम दिवस के कैम्प में गुण्डरदेही बीआरसी किशोर कुमार साहू का आगमन हुआ। उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए बुधवार के समर कैंप में जिले के डी.एम.सी. अनुराग त्रिवेदी का मार्गदर्शन मिला त्रिवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समर कैंप में आप लोग विभिन्न कला–कौशलों का बहुत बढ़िया प्रशिक्षण ले रहे हैं इसमें अपने पालकों को भी सहभागी बना सकते हो पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक चन्द्र किशोर साहू द्वारा प्रतिदिन आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

## शासकीय विद्यालय कचांदूर का परीक्षा परिणाम बेहतर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदूर का परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष बेहतर रहता है।

■ 10वीं में डामेश्वरी और 12वीं में हिमांशु प्रथम

संस्था के प्राचार्या प्रीतिबाला मुले ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में प्रथम डामेश्वरी साहू 89 प्रतिशत, द्वितीय योगिता साहू 88.83 प्रतिशत, तृतीय गगन कुमार साहू शामिल हैं। हायर सेकेंडरी में कला संकाय में प्रथम स्थान हिमांशु 88.8 प्रतिशत, द्वितीय प्रेम कुमार 85.8 प्रतिशत इनके अलावा दो दिव्यांग छात्र प्रियांशु सोनकर 82 प्रतिशत एवं खेमलाल यदु 77.4 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में प्रथम नेहा 82 प्रतिशत, द्वितीय संध्या बारले 79.4 प्रतिशत, तृतीयप्रज्ञा सोनी 79 प्रतिशत प्राप्त किया है। वहीं, वाणिज्य संकाय में प्रथम रेशमी 79.8 प्रतिशत, द्वितीय योगिता 79.4 प्रतिशत, तृतीय युगन कुमार 76 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या प्रीतिबाला मुले एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विशेष आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र के कम्प्यूटर शिक्षक अरविन्द शर्मा, ग्राम की सरपंच गौरी ठाकुर एवं जनपद सदस्य तारिणी चंद्राकर, पूर्व सरपंच संतोष चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शालेय शिक्षक संघ ने अवकाश के दिनों में की जा रही ड्यूटी के लिए मांगा अर्जित अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षासचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी व लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक दिव्या उमेश मिश्रा से मिलकर डीपीआई से जारी ईएलबी व टीएलबी संवर्ग की व्याख्याता वरिष्ठता सूची में व्याप्त त्रुटियों को व राज्य भर से प्राप्त शिकायतों को एकत्रित कर समाधान की मांग की है। वहीं डीपीआई के आदेश स्वैच्छिक समर कैम्प की निचले स्तर पर गलत व्याख्या कर दबाव पूर्वक समर कैंप के आयोजन को अनिवार्य बनाने का विरोध किया। संघ ने अवकाश के दिनों में की जा रही ड्यूटी के बदले उतने ही दिनों का अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में दर्ज करने की मांग की।

■ संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा सचिव से की मुलाकात



ज्ञात हो कि शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने इस सूची के जारी होते ही इसमें व्याप्त विसंगतियों के लिए नाराजगी जताते हुए प्रदेश के शिक्षकों से अपील की थी कि त्रुटिविहीन प्राचार्य पदोन्नति के लिए सभी प्रभावित व्याख्याता एलबी संवर्ग दावा आपत्ति जरूर लगाएं।

संघ ने कहा कि मध्य प्रदेश से स्थानांतरण में छत्तीसगढ़ आने वाले कर्मचारियों की छत्तीसगढ़ में कार्य भार ग्रहण दिनांक के स्थान पर मध्यप्रदेश की प्रथम नियुक्ति तिथि को वरिष्ठता दिनांक अंकित किया जाए। अं त र्नि यो क ता स्थानांतरण (दूसरे जिला पंचायत या दूसरे नगरीय निकाय में स्थानांतरण) की स्थिति में स्थानांतरित निकाय में कार्य भार ग्रहण दिनांक के स्थान पर प्रथम नियुक्ति तिथि को वरिष्ठता दिनांक किया जाए । पूर्ववर्ती संविदा शिक्षकों के मामले में पद परिवर्तन 01 मई 2005 के स्थान पर पद परिवर्तन आदेश दिनांक को वरिष्ठता दिनांक अंकित करना। पदोन्नति व निम्न से उच्च पद के मामलों में वर्तमान पद पर नियुक्ति तिथि के स्थान पर पिछले पद की नियुक्ति तिथि को वरिष्ठता दिनांक अंकित करना। मृत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का नाम अभी भी सूची में होना। संविलियन पश्चात स्थानांतरित कर्मचारियों का नाम पूर्व संस्था में ही होना।

प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे एवं प्रांतीय महासचिव सचिव धर्मेश शर्मा ने अधिकारियों को बताया कि यद्यपि शासन तथा संचालनालय से स्पष्ट निर्देश जिलों व स्थानीय निकायों के लिए जारी किए गए थे, किंतु कुछ प्रकरणों में जिलों व स्थानीय निकाय कार्यालय स्तर पर त्रुटियां हुई जिसके कारण सूचियों में अभी भी विसंगतियां व्याप्त है।

संघ ने कहा विगत 05 वर्षों से केवल दावा आपत्ति मांगने की औपचारिक होती है, किन्तु विसंगतियों का निराकरण नहीं होता। प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा व कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने बताया कि सचिव व संचालक ने विसंगतियों का निराकरण करके सूची का पुनः प्रकाशन करने तथा यथाशीघ्र प्राचार्य पदोन्नति की प्रक्रिया भी संपन्न करने बाबत आश्वस्त किया है।

### स्वैच्छिक समर कैंप को अनिवार्य बनाए जाने पर जताई आपत्ति

प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि संगठन ने समर कैंप व अन्य गैर शैक्षणिक कार्यो के संदर्भ में शिक्षा सचिव के समक्ष अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष छ.ग शालेय शिक्षक संघ जितेंद्र शर्मा ने कहा समर कैंप डीपीआई द्वारा जारी स्वैच्छिक समर कैंप के आदेश को निचले स्तर पर डीईओ और बीईओ द्वारा अनिवार्य समर कैंप लगाने हेतु बाध्य करने की शिकायत की गई तथा अवकाश में कार्य लिए जाने पर उस दिन का ईएल प्रदाय कर सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने की मांग की।

## कनेरी स्कूल में कक्षा 10वीं में तुलसी व 12वीं में दुर्गेश प्रथम

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा घोषित हायर सेकेण्डरी व हाईस्कूल परीक्षा परिणाम के अनुसार शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कनेरी मे कक्षा 12वीं मे 98.44 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं, कक्षा 10वीं का परिणाम 81.91 प्रतिशत रहा। हायर सेकेण्डरी परीक्षा में गणित संकाय से दुर्गेश सिन्हा ने 86.04 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, 77.08 प्रतिशत के साथ तनुजा द्वितीय, 77.06 प्रतिशत के साथ कुंजलता पटेल तृतीय स्थान पर रही। हाई स्कूल परीक्षा में तुलसी साहू 92.83 प्रतिशत के साथ प्रथम, 91.83 प्रतिशत के साथ याचना साहू द्वितीय, 91.06 प्रतिशत के साथ ऐश्वर्या साहू तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय की इस सफलता पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य बीआर ठाकुर, बोर्ड परीक्षा प्रभारी एसएल साहू, जीएल श्याम, आरडी साहू, जीके गंगबेर, एमके सिन्हा, पीडी मानिकपुरी, बीपी झा, पी साहू, एम पटेल, पी प्रकाश, के वैद्य, एचआर सिन्हा, बीएल यादव, एन चन्द्रवंशी, एसके झा, पी सार्वा, टीएल सार्वा, कुलेश्वर पटेल, जेएल सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## रीपा कैफे संचालन माहभर से बंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखण्ड डोंडी के ग्राम पंचायत अरमुरकसा में पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में गौठान परिसर में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के तहत रीपा कैफे का निर्माण किया गया। उसके संचालन के लिए नया सबेरा महिला संकुल संगठन कुसुमकसा-अरमुरकसा को दिया जाना बताया गया है, लेकिन वह विगत एक महीने से बंद पड़ा है। वहीं, संकुल संगठन के कैडरों ने रीपा कैफे के संचालन के लिए समूह के खाते से लाखों रुपयों की राशि सहित कैफे के नित्यदिन संचालन में हो रही आय व्यय की कोई जानकारी समूह के कैडरों को आज तक नहीं दी गई। इसकी शिकायत समूह के कैडरों ने कुछ दिन पूर्व कलेक्टर बालोद से की है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अरमुरकसा के गौठान में ग्रामीण स्वसहायता समूह सदस्यों की आर्थिक दशा बदलने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासकीय मद से लाखो रुपयों की लागत से रीपा कैफे हेतु दुकान का निर्माण कराया गया। किन्तु रीपा कैफे का संचालन ग्राम के स्व सहायता समूह से ना कराकर संकुल संगठन कुसुमकसा-अरमुरकसा के पदाधिकारियों को दे दिया गया। बकायदा संकुल संगठन के बैठक के कार्यवाही विवरण में रीपा कैफे संचालन करने का प्रस्ताव है। टेबल, कुर्सी व कैफे संचालन के खाद्य सामग्री सहित अन्य उपकरण की खरीदी संकुल संगठन के राशि से किया जाना बताया जा रहा है, किंतु रीपा कैफे का संचालन धरातल में किसी अन्य के द्वारा किया जाना प्रतीत हो रहा था। रीपा कैफे में पदस्थ एक महिला अपने आप को रीपा कैफे की मालकिन होना बता रही थी, जिसकी पुष्टि ग्रामीण सहित संकुल के केडरों ने की थी। बताया जाता है कि उक्त महिला ना तो अरमुरकसा और ना ही कुसुमकसा की मूल निवासी थी और ना ही किसी स्व सहायता समूह व संकुल संगठन की सदस्य थी, जो सुबह कैफे खुलने से बंद होने कैफे की मालकिन की तरह रहती थी। वहीं संकुल संगठन की महिला कैडर कैफे में दिन भर काम करती थीं।

■ महिला समूह के स्थान पर दूसरे से कराए जाने की शिकायत

### जांच व कार्रवाई की मांग

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि रीपा कैफे संचालन के लिए संकुल संगठन के लाखों रुपयों की राशि निकालने के किए गए खर्च तथा कैफे संचालन में हुए आय व्यय की जानकारी महिला कैडरों को नहीं दिया जाता। इससे लगता है खर्च में की गई अनियमितता की जा रही है। जिम्मेदार अधिकारी को संकुल संगठन के राशि में पारदर्शिता रखते इसकी जांच कर संकुल संगठन के महिला समूह के अधिकारों का हनन करने वालों पर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## जूट से सामान बनाना सीख रही हैं महिलाएं



**अंडा।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उतरदायित्व विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ विकास बोर्ड के सहयोग से महिला सशक्तिकरण तथा नारी को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जिले के दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा में त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण शिविर द्वारा महिलाओं को 3 महीने की ट्रेनिंग दी जा रही। इसमें महिलाओं को रोजगार के साथ-साथ तरह-तरह की कलाकृति और कारीगरी भी सिखाई जा रही है। अभी के समय में आत्मनिर्भर बनने के लिए सभी कुछ न कुछ नया करते हैं। इसमें महिलाएं भी किसी से कम नहीं है। कुछ तो सरकार की योजनाओं का लाभ उठाती हैं, वहीं कुछ खुद से अपना रोजगार शुरू करती हैं।

ग्राम पंचायत अंडा में भी अब जूट से कई आकर्षक चीजें बनाई जा रही हैं। जिसकी डिमांड काफी है। तृप्ति, लुकेश्वरी, सुनीता, पिकेश्वरी सहित मौजूद अन्य महिलाओं ने कहा कि वे पिछले दो महीने से यहां पर प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान वे जूट से अलग अलग चीजें बनाना सीख रही हैं।

### जूट से बनाये जाते हैं कई आकर्षक सामान

शिविर में शामिल महिलाओं ने कहा कि यहां पर जूट के बने सामान गुलदस्ता, बैग, शो पीस, चटाई, डोरमेट, बुक शोल्डर सहित अन्य कई घरेलू उपयोगी और आकर्षक चीजें बनाई जाती है। कार्यशाला में 30 महिलाओं को जूट से बने उत्पादों बनाने का प्रशिक्षण प्रशिक्षिका भानुमति बघेल द्वारा तीन महीने तक दिया जा रहा है। कार्यशाला में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव की 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन महीने की अवधि तक 3 हजार रुपये मासिक स्टाइपेड भी दिया जा रहा है। आगे बताया की राष्ट्रीय जूट बोर्ड जूट उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं।

कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.)

// नोटिस //

क्रमांक/2789/प्र.अ.कले./2024
बालोद, दिनांक 20/05/2024
पु. प्रकरण क्रमांक 202203241200007/अ-06/ वर्ष 2021-22

प्रति,

मदन जैन आ. जेठमल जैन जाति जैन निवासी ग्राम भाठागांव तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में लंबित पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 202203241200007 /अ-06/वर्ष 2021-22 में आगामी पेशी तिथि 10.06.2024 नियत है। उक्त दिनांक को आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से समय 2.00 बजे उपस्थित हो ।

अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण किया जावेगा ।

अपर
कलेक्टर बालोद

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### गुजरा में जांची गई लोगों की सेहत

**बालोद।** ग्राम गुजरा बालोद में उच्च रक्तचाप के संबंध में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत एवं मारुति नर्सिंग कॉलेज बालोद के बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके साथ ही उच्च रक्तचाप से संबंधित लक्षण, घरेलु उपचार व सावधानियों के बारे में जानकारियां दी गई।

### पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस व सम्मान समारोह कल

**लाटाबोड़।** पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ का वार्षिक स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन 25 मई को राजधानी रायपुर के समता कालोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कालेज में किया गया है। जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के पत्रकार संघ के पदाधिकारी एवं अलग-अलग राज्यों के पत्रकार संघ के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही सामाजिक गतिविधियों से जुड़े प्रबुद्धजनों के साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन उपभोक्ता संरक्षण समिति, अधिवक्ता संघ, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा कोरोनाकाल के समय अपनी जान की परवाह किये बिना अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले वारियर्स का सम्मान किया जाएगा।

### खड़े ट्रक से मोपेड भिड़ी, मौत

**भिलाई।** खाद बीज लेकर मोपेड में घर लौट रहे व्यक्ति ने सड़क किनारे खडी ट्रक में जा भिडा घटना में एक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि कुम्हारी सत्य चौक वार्ड 1 निवासी एवन पात्रे ने शिकायत किया है कि मोती लाल और रामचरण पात्रे मोपेड सीजी 04 बीआर 5384 में सवार होकर निकले थे। दोनों सेवा सहकारी समिति अहिवारा से खाद ,बीज लेकर अपने घर मोपेड में लौट रहे थे। मोपेड सवार ग्राम पिटौरा जा रहे थे। इस दौरान आनंद ढाबा के पास पहुचे ही थे कि सड़क किनारे ट्रक सीजी 04 एनआर 6574 के चालक ने बिना संकेत देकर ट्रक को खडा किया था। मोपेड सवार ट्रक के पीछे जा भिडा। घटना में मोपेड चालक मोती लाल का मौके पर मौत हो गई।

### माचिस मांगने पर कटर से हमला

**भिलाई।** माचिस मांगने को लेकर दो युवकों ने कटर से गले में वार कर फरार हो गए। घटना में शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोसानगर सुपेला निवासी रवि बाघ आटो चलाकर जीवन यापन करता है। 21 मई को रात मे खाना खाकर हाई स्कुल कोसानगर सुपेला के पास खडा था। आरोपी मोहम्मद आलम और सुजल गौतम से माचिस मांगा। दोनों ने गाली गलौज कर सुजल गौतम ने मोहम्मद आलम की जेब से कटर ब्लेड से रवि पर प्राणघातक हमला कर दिया।

**धरोहर : मंदिर में पूजा-अर्चना करने दूर-दूर से पहुंचने लगे लोग, उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब**

# गोंदली जलाशय हुआ खाली, बरसों पुराना शीतला मंदिर देख भाव-विभोर हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बरसों पुराने गोंदली जलाशय में पानी कम होने पर उसमें डूबा माँ शीतला माता का मंदिर और कुआं दिखाई दिने लगा है। वहीं, माता शीतला का मंदिर दिखाई देने के बाद ग्रामीण वहां पूजा-अर्चना करने पहुँच रहे हैं। वर्षों पुराने मंदिर को देखकर इन दिनों लोगों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है और यह स्थल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

बता दें कि जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर डौंडीलोहारा विकासखण्ड में स्थित गोंदली जलाशय का पानी छोड़ा गया है, ताकि जलाशय के कुछ हिस्सों की मरम्मत की जा सके। गोंदली जलाशय का निर्माण 1956 में किया गया था। बताया जाता है कि गोंदली जलाशय का निर्माण होने से पहले यहाँ ग्रामीण रहा करते थे। लगभग 20 से 22 गांव इस जलाशय क्षेत्र में थे। जलाशय निर्माण के बाद यहाँ के ग्रामीणों को मुआवजा देकर दूसरे गांवों में बसाया गया। जब ग्रामीण गांव छोड़कर गए तो गोंदली गांव के साथ ही आसपास के गांवों के प्राचीन शीतला मंदिर भी जलाशय में डूब गए। इन मंदिरों का निर्माण सैकड़ों साल पहले का होना बताया जाता है। वहीं, अब, जबकि जल संसाधन विभाग द्वारा जलाशय की मरम्मत के लिए इसे खाली करने पानी छोड़ा गया, तो लोगो को माता शीतला का प्राचीन मंदिर 60-65 साल बाद दिखाई देने लगा। अब मंदिर को देखने जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर का सफर कर लोग आ रहे हैं और अपनी आस्था के अनुसार पूजा अर्चना कर नारियल पैसे चढ़ा रहे हैं।

## वर्ष 1956 में हुआ था गोंदली जलाशय का निर्माण, मरम्मत के लिए किया गया है खाली







### पहले बुजुर्गों से मंदिर के बारे में सुनते थे, आज देख भी लिया

*ग्रामीण जीतू राम तारम ने बताया कि बांध के ऊपरी हिस्से से ही मंदिर को देखते थे। माता पिता और हमारे बड़े बुजुर्गों के मुंह से सिर्फ मंदिर के बारे में सुनते थे। लेकिन, आज हम इस मंदिर के पास पहुँचे हैं, दर्शन किया है। माता जी का वार दिन सोमवार और गुरुवार को बांध के ऊपर हिस्से से दीपक जलता दिखाई पड़ता है, हालांकि यह चमत्कार है या कुछ और है पता नहीं।*



### कुआं-बावली भी आ रहे नजर


*जलाशय में डूब चुके कुएं व बावली भी दिखाई दे रहे हैं, जिसकी गहराई 15 से 20 फिट बताई जा रही है। माता शीतला मंदिर के समीप में दो कुएँ नजर आ रहे हैं, जो वर्षों पुराने हैं। उनमें से एक कुआँ पत्थर से बना हुआ है और दूसरा बावलीनुमा है, जो ईंटों से बना है।*

### बांध में समा गए 20 से अधिक

*ग्राम बड़हाकुआं के ग्रामीण दीनदयाल भंडारी ने बताया कि इस जलाशय में परसूटोला, बोइरडीही, कोलियारी, बड़े कोलियारी, अलनियाभावर, जटादहा, सहगांव सहित 20 से अधिक गांव डूबे थे। उनमें से जटादहा, सहगांव ऊपर वाले क्षेत्र में चले गए, वहीं अन्य गांवों के लोग आस पास विस्थापित हो गए। आज जब जलाशय पानी छोड़ा गया, हमने सिर्फ यहाँ सुना था कि ऊपर हिस्सा ही दिखाई देता था, आज पूरा मंदिर दिखाई दे रहा है। कुछ दीवारें भले ही टूट गई हैं, लेकिन आज भी मंदिर का कुछ हिस्सा बरकरार है। मंदिर में मिट्टी के बने बैल, लोहे की संकल आदि भी दिखाई दे रहे हैं, जिसकी लोग पूजा कर रहे हैं।*

# आसमान साफ होते ही फिर बढ़ी गर्मी

## 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा पारा, आम जनजीवन बेहाल



### बिगड़ रहा प्रकृति का संतुलन

भीषण गर्मी से बचने विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों से लेकर कुत्ता, बंदर तथा गाय व इंसान भी पेड़ों के नीचे बैठकर राहत लेते हैं, लेकिन घरेलू ईंधन, लकड़ी के कोयले के कारोबार, फर्नीचर एवं अन्य भौतिक संसाधनों के लिए, पेड़ों की कटाई तेजी से हो रही है। पेड़ों की बेरहमी से हो रही कटाई के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण असंतुलन को रोकने के प्रयास होते रहे हैं, किंतु स्थिति जस की तस है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मई महीने में भीषण गर्मी से जन जीवन बेहाल हो गया। अचानक बेमौसम बारिश के बाद मौसम साफ होते ही तापमान बढ़ जाता है, वहीं गर्मी भी विकराल रूप ले रहा है।

मंगलवार को रात में बारिश के बाद अगले ही दिन से मौसम खुल गया और तापमान में वृद्धि हुई। पारा 41 डिग्री चढ़ने से इंसानों से लेकर जीव जन्तु भी दोपहर के समय बड़े पेड़ों के छांव में दुबके हुए नजर आने लगे हैं। दोपहर को सड़कों में आवागमन नगण्य रहा, दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आ रही है। इस प्रचंड गर्मी से दैनिक जीवन पर बुरा असर पड़ने लगा है। कार्य करने वाले अपने कामों के समय में बदलाव तो कर लिए हैं, लेकिन उसके बाद भी समान्य तरीके से काम नहीं कर पा रहे हैं।

### खानापूर्ति के लिए होती है कार्रवाई

ग्रामीणों का कहना है कि पहले शहरों की गर्मी की अपेक्षा गाँवों में गर्मी कुछ कम होती थी, इसका प्रमुख कारण गांवों में पेड़ पौधों की संख्या का अधिक होना था, लेकिन बीते कुछ सालों में पेड़ काटने वाली मशीन आने से और क्षेत्र में लकड़ी तस्कर बढ़ने से पेड़ों की अंधाधुध कटाई हो रही है। इस कटाई को रोकने वाला कोई नहीं है, जिम्मेदार अधिकारी खानापूर्ति की कार्रवाई कर लेते हैं। इसी का नतीजा है कि शहर से लेकर गांवों में गर्मी प्रचंड रुप से पड़ रही है। फिर भी लोग पर्यावरण के प्रति उदासीन हैं।

**किलेपार झोफरा से तवेरा मुख्य मार्ग पर पुलियों से निकलीं मरी हुई मुर्गियां**

# पुलिया के नीचे बोरियों को नोच रहे थे कुत्ते, बोरी खुलने से खुला राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम किलेपार झोफरा से तवेरा मुख्य मार्ग पर पड़ने वाली तीन छोटी-छोटी पुलियों में लगभग 6 से 8 छोटे प्लास्टिक की बोरियों में भरकर कुछ छुपा दिया गया था। उन्हें कुत्ते पिछले तीन दिनों से नोच रहे थे, वहीं उन बोरियों से अजीब की बदबू फैल रही है। इस बदबू के कारण उस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर इन बंधी हुई बोरियों में क्या है। कुत्तों द्वारा नोचे जाने से लोगों को इनमें मानव अवशेष होने की आशंका प्रतीत हो रही थी। आखिरकार दुर्गंध की परेशानी को दूर करने के लिए प्रतिदिन मॉर्निंग वाक करने वाले झोफरा के महतो व भानू साहू ने



सड़क से गुजर रहे कबाड़ी वाले एक देवार से गुजारिश कर एक बोरी जिसे कुत्ते नोच नोंच कर फाड़ डाला था, उसे नजदीक से देखने को कहा। देवार ने बताया कि इन बोरियों में मरी हुई मुर्गियों को भरकर फेंका गया है। आखिरकार वो कौन पोल्ट्री फार्म वाले हैं जो रास्ते भर में पुल किनारे बोरी में भरकर बीमारी से मरी हुए मुर्गियों को फेंक दिया है। इसके कारण रास्ते से गुजरने वाले किलेपार व झोफरा के ग्रामीण काफी नाराज हैं। किसी को ये समझ में नहीं आ रहा है कि अब इस दुर्गंध से मुक्ति कैसी मिलेगी।

बता दें कि जिस जगह पर बोरियों में इन मरी हुई मुर्गियों को फेंका गया है, उस जगह पर किलेपार व झोफरा के युवाओं द्वारा सेना व अग्निवीर में भर्ती होने के लिए रोजाना संयुक्त रूप से एक्सरसाइज अभ्यास किया जाता है। लेकिन, अब असहनीय बदबू से हलाकान होने के कारण ये युवा अब अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही जो ग्रामीण व बच्चे सुबह शाम वॉक करते हैं, वे भी नहीं जा पा रहे हैं।





# बुद्ध पूर्णिमा पर 50 घरों में हुआ यज्ञ



**बालोद।** शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार गृह-गृह यज्ञ और उपासना पूरे विश्व में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर आत्म विकास समाज व राष्ट्र निर्माण पर्यावरण संवर्धन तथा विश्व शांति के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। गायत्री और यज्ञ हमारी संस्कृति के माता पिता हैं, ज्ञान और कर्म जीवन रथ के दो पहिए हैं, इसी से मनुष्य में देवत्व का उदय तथा आत्म विकास होने से यह धरती स्वर्ग बन सकती है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह प्रयास किया जा रहा है, यही जीवन जीने की कला है जिसके तहत ब्लाकों को 1200 घरों का लक्ष्य दिया गया है, जिसे 26 मई तक पूर्ण किया जाना है। जो परिजन अपने घरों में यज्ञ के लिए इच्छुक हो वे गायत्री शक्ति पीठ बालोद से संपर्क कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी आरपी यादव ने बताया कि बालोद में प्रथम दिवस कुछ घरों में यज्ञ हुआ, आगे दिनों में संख्या बढ़ सकती है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में जिला उप समन्वयक और ब्लाक प्रमुख लोचन साहू सघन दौरा कर लक्ष्य में जुटे हुए हैं। इसके तहत 50 घरों में यज्ञ संपन्न हुआ।

### छात्रहित में निष्पक्ष मूल्यांकन करें: डॉ. पल्टा

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय , दुर्ग में सेमेस्टर परीक्षा की संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित टैगोर हॉल एवं ग्रंथालय हॉल में शुरू हुआ। विश्वविद्यालय में स्थानाभाव के कारण प्रथम चरण में बीएड एवं एमएड की लगभग 40 हजार से अधिक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य आरंभ किया गया है।


सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है


**धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में किसानों की सुविधा के लिए भवन बनाने स्वीकृत हुई थी राशि**

# 15 माह में भी पूरा नहीं हो सका किसान कुटीर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में किसानों के बैठने के लिए बन रहा किसान कुटीर स्वीकृति के 15 माह बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया। वहीं, निर्माणाधीन भवन के पास कोई सूचना पटल भी नहीं लगाया गया है।

किसान कुटीर का भवन किस मद से स्वीकृत है, भवन निर्माण की अनुमानित राशि की जानकारी, भवन निर्माण पूर्ण करने की तिथि, निर्माण एजेंसी का नाम, भवन निर्माण किसकी देखरेख में हो रहा है, इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार किसान कुटीर भवन मंडी बोर्ड बालोद से स्वीकृत हुआ है, जिसकी लागत राशि



12लाख रुपए है। भवन निर्माण स्वीकृति के चार माह में पूर्ण होना था, किंतु विभागीय अधिकारियों के उदासीनता के चलते भवन निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा में उक्त किसान कुटीर के संबंध में जानकारी मांगने पर समिति में किसी तरह की जानकारी नहीं होने की बात कही जा रही है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने शासन-प्रशासन से किसानों के बैठने व आराम करने के लिए कांग्रेस शासनकाल में किसान कुटीर मंडी बोर्ड से स्वीकृति दिलाई थी। किंतु निर्माण एजेंसी व विभागीय अधिकारियों के गैरजिम्मेदारना कार्य के चलते आज पर्यंत तक भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। शासन-प्रशासन से भवन निर्माण में हुए विलंब की जांच कराकर उचित कार्यवाही करते हुए भवन निर्माण जल्द पूर्ण कराने तथा कार्यस्थल पर सूचना पटल लगाने की मांग की गई है।


online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411